दिन– गुरूवार दिनांक– 06/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज शाम राज्यसभा में चर्चा का जवाब देंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। दो दिन पहले लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकार किया था।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस फरवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ संवाद करेंगे। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में सद्गुरू जग्गी वासुदेव, ओलंपियन एम. सी. मैरीकॉम और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण समेत विभिन्न क्षेत्रों की जानी–मानी हस्तियां शामिल होंगी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव को कम करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री छात्रों के साथ परीक्षाओं के दौरान तनावमुक्त रहने और परीक्षा संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में शेखपुरा जिले में छियानवे करोड़ तिरेपन लाख रूपये से अधिक राशि की एक सौ बीस विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने लखीसराय में आयोजित कार्यक्रम में चार सौ चौवालीस करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभुकों तथा जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

————————————————————————

पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और भोजपुर जिले के पांच–पांच सरकारी विद्यालयों में छात्रों की टैबलेट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कक्षा तीन के छात्रों की उपस्थिति टैबलेट के माध्यम से दर्ज होगी। इन जिलों के चिन्हित विद्यालयों में दस फरवरी से नई व्यवस्था प्रभावी होगी।

————————————————————

मोकामा के नौरंगा गांव में पिछले दिनों हुई गोलीबारी के मामले में पटना स्थित एमपी—एमएलए अदालत ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद अनंत सिंह को बेऊर जेल भेज दिया गया है।

————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के उत्तरी हिस्सों में कल सुबह घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मोतिहारी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————

जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगिया टांड़ गांव के पास एक ट्रैक्टर के पलट जाने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी प्रतिमा विसर्जन के बाद घर लौट रहे थे।

————————————————————

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीपुर पंचायत स्थित भेंगाधार के पास अपराधियों ने एक फाइनान्स कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक जदयू के नेता बताये जाते हैं।

————————————————————

सीतामढ़ी के कुख्यात अपराधी गुलाब नदाफ को उसके एक सहयोगी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव में दो पक्षों के बीच आपसी बर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति के घर से अस्सी कारतूस और दो बोतल शराब समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।